भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 1770
गुरुवार, 1 अगस्त, 2024/10 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

हिंडन विमानपत्तन से विमानों का प्रचालन

1770. श्री अतुल गर्ग:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 8 मार्च, 2019 को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा उद्घाटन किए गए हिंडन विमानपत्तन से कितने विमानों का प्रचालन किया जा रहा है;
(ख) उक्त विमानपत्तन से लखनऊ, बनारस, प्रयागराज, अयोध्या के लिए उड़ानें कब तक प्रारंभ होने की संभावना है;
(ग) हिंडन विमानपत्तन पर नागर विमानन अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए अन्य क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(घ) हिंडन हवाई अड्डे पर उड़ानों की संख्या में कमी के कारण विभाग को कितनी वित्तीय हानि हुई है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख) : वर्तमान में आदमपुर, किशनगढ़, नांदेड़, भटिंडा और लुधियाना शहरों को जोड़ने वाली 66 उड़ानें प्रति सप्ताह प्रचालित की जा रही हैं।

मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम के निरस्त होने के साथ ही भारतीय घरेलू विमानन पूरी तरह से अविनियमित हो गया। एयरलाइनें क्षमता बढ़ाने के लिए किसी भी प्रकार के विमान को शामिल कर सकती हैं, वे जिस भी बाजार और नेटवर्क को सेवा देना चाहती हैं उसे चुनने के लिए स्वतंत्र हैं और सरकार द्वारा जारी किए गए मार्ग संवितरण दिशा-निर्देशों (आरडीजी) और डीजीसीए द्वारा अनुमोदित उड़ान कार्यक्रमों के अनुपालन के अध्यधीन प्रचालन करती हैं। इसलिए, यह एयरलाइन प्रचालकों पर निर्भर है कि वे अपनी प्रचालन और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर देश के किसी भी शहर से हवाई सेवाओं की शुरूआत पर विचार करें।

(ग) : हिंडन हवाईअड्डा एक सिविल एन्क्लेव है। हिंडन हवाईअड्डे पर यात्री यातायात में वृद्धि की संभावना को देखते हुए टर्मिनल भवन और आनुषंगिक संरचनाओं के विस्तार की परिकल्पना की गई है, जिसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता बताई गई है। इसके अतिरिक्त, सिविल एप्रन के विकास के लिए भूमि की आवश्यकता के संबंध में भारतीय वायु सेना (आईएएफ) को अवगत करा दिया गया है।

(घ) : वित्त वर्ष 2021-22 और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) की राजस्व आय में हिंडन हवाईअड्डे पर विमानों की आवाजाही में कमी/परिवर्तन के प्रभाव का विवरण अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

अनुलग्नक

<u>वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2023-24 के लिए हिंडन हवाई अड्डे की राजस्व आय</u>

क्रम संख्या	**विवरण**	**वित्त वर्ष 2021-22**	**वित्त वर्ष 2022-23**	**बदलाव वित्त वर्ष 2021-22**		**वित्त वर्ष 2023-24**	**बदलाव वित्त वर्ष 2021-22**	
				संख्या/ राशि	%		संख्या/ राशि	%
01	विमान आवागमन (संख्या में)	710	526	-184	-25.9%	566	-144	-20.28
02	आय (रु . करोड़ में)	0.53	0.24	- 0.29	- 54.72%	0.23	-0.30	-56.60

*****